अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2022
## (आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** श्र अक्षर बना है- **(1)**

(A) स् + र (B) क् + ष

(C) श् + र (D) उपर्युक्त सभी।

**2.** स्वर के भेद हैं- **(1)**

(A) 3 (B) 2

(C) 4 (D) 5

**3.** 'च' उच्चारण स्थान है- **(1)**

(A) कण्ठ (B) जिह्वा

(C) तालु (D) दन्त।

**4.** जिन शब्दों के अर्थ समान होते हैं, उन्हें कहते हैं- **(1)**

(A) पर्यायवाची शब्द (B) त्रुटि समानार्थ शब्द

(C) तत्सम शब्द (D) विलोम शब्द

**5.** शुद्ध शब्द है- **(1)**

(A) उज्वल (B) उज्जवल

(C) उज्ज्वल (D) उज्वल ।

**6.** शून्य को किसी संख्या से भाग देने पर भागफल आता है- **(1)**

(A) 10 (B) 02

(C) 01 (D) 00.

**7.** भाग की संक्रियाएँ होती हैं- **(1)**

(A) भाज्य (B) भाजक

(C) भागफल (D) उपर्युक्त सभी।

**8.** आरोही क्रम है- **(1)**

(A) 8, 6, 4, 2 (B) 19, 17, 15, 13

(C) 7, 9, 11, 13 (D) इनमें से कोई नहीं।

**9.** 475 में 4 स्थान है- **(1)**

(A) इकाई (B) दहाई

(C) सैकड़ा (D) हजार।

**10.** निदेशक चिह्न- **(1)**

(A) ; (B) !

(C) - (D) इनमें से कोई नहीं।

**11.** 22 × 34 का गुणनफल बताइए- **(1)**

(A) 748 (B) 874

(C) 487 (D) इनमें से कोई नहीं।

**12.** भाषा शिक्षण में शारीरिक समस्याएँ हैं- **(1)**

(A) दृष्टिकोण (B) उच्चारण दोष

(C) श्रवण दोष (D) उपर्युक्त सभी।

**13.** वे संख्याएँ जो 2 से पूर्ण रूप से विभाजित नहीं होती हैं, उन्हें कहते हैं- **(1)**

(A) विषम संख्या (B) भाज्य संख्या

(C) पूर्णांक संख्या (D) अपरिमेय संख्या।

**14.** श्रुतलेख का अर्थ है- **(1)**

(A) सुन्दर लेख (B) सुनकर लिखना

(C) उपर्युक्त दोनों (D) इनमें से कोई नहीं।

**15.** किसी लेख या रचना के अन्त में चिह्न प्रयुक्त करते हैं- **(1)**

(A) योग चिह्न (B) समता चिह्न

(C) इतिश्री (D) उद्धरण।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** लेखन से आप क्या समझते हो? **(1)**

**17.** सस्वर पठन से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**18.** तुकान्त शब्द से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**19.** स्पर्श व्यंजन का क्या आशय है? **(1)**

**20.** हलन्त से क्या अभिप्राय है? **(1)**

**21.** 636 में दोनों 6 के स्थानीय मान बताओं। **(1)**

**22.** ऊष्म व्यंजन क्या है? **(1)**

**23.** गणित शिक्षण के दो लक्ष्य बताओ। **(1)**

**24.** संख्यापूर्व तैयारी से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**25.** घटाना का आशय लिखिए। **(1)**

**26.** आरोही क्रम किसे कहते हैं? **(1)**

**27.** 'त्र' स्वर का उच्चारण स्थान क्या है? (संयुक्त व्यंजन के रूप में) **(1)**

**28.** अंग्रेजी वर्णमाला में कितने वर्ण हैं? **(1)**

**29.** लोकगीत से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**30.** 'अयोगवाह' के तीन प्रकार लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** लेखन की उपयोगिता का वर्णन कीजिए। **(2)**

**32.** पत्र लेखन क्या है? एक प्रार्थना पत्र लिखकर उसकी उपयोगिता स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**33.** कविता के प्रकार बताइए। **(2)**

**34.** घोष एवं अघोष ध्वनियों में अन्तर बताइए। **(2)**

**35.** देवनागरी लिपि की विशेषताएँ बताइए। **(2)**

**36.** अशुद्ध उच्चारण के कारण बताइए। **(2)**

**37.** 48 अमरूद 6 बच्चों में बराबर-बराबर बँट गये। हर बच्चे को कितने अमरूद मिले ? **(2)**

**38.** बच्चों को हासिल सहित जोड़ किस प्रकार सिखाना चाहिए? **(2)**

**39.** संख्या किसे कहते हैं? संख्याओं के प्रकार बताइए। **(2)**

**40.** सरल वाक्य से क्या तात्पर्य है? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/2022

2. आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/

3. आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN